प्रेस-विज्ञप्ति **दिनांक 18.02.2019**

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर व भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव , जिलाधीश अंकित आनंद एवं निगम आयुक्त एस 0के0सुंदरानी, यातायात पुलिस अधीक्षक गुरमीत सिंह , सेतु निगम के भुषण देव शेण्डे , नेशनल हाईवे जयंत वर्मा ने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम कादंबरी नगर स्थित बस डिपो का निरीक्षण कर उसको यथाशीघ्र आरम्भ करने का निर्देश दिया। महापौर ने मुख्यमंत्री जी के घोषणा अनुसार हथखोज व सी.एस.वी.टी.यू. तक एवं जनदर्शन में आई जनता की मांगों को आधार बनाकर नये सिरे से रुट चार्ट तैयार करने की आवश्यकता बताई। नेहरु नगर फ्लाई ओवर के तकनीकी दिक्कतों को दुर करते हुए उसे शीघ्र प्रारम्भ करने व अण्डरब्रिज का कार्य भी जल्द पूर्ण करने हेतु सेतु निगम, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिया, डीएसपी ट्रैफिक गुरजीत सिंह ने अपनी कार्ययोजना से अवगत कराकर जल्द ही यातायात आरंभ करने की जानकारी दी। इसके बाद नेहरु नगर के पास कोसानगर बस डिपो का निरीक्षण कर उसे भी शीघ्र उपयोग योग्य बनाने के निर्देश दिये गये। प्रगति मार्केट के दौरे पर मेयर ने अपनी योजना बताकर कलेक्टर महोदय से उसे अमलीजामा देने का आग्रह किया तथा स्पष्ट किया कि हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता रोजगार मूलक कार्य है। पहली मंजिल पर दुकानें दूसरी मंजिल में बैंक व अन्य संस्थान जिसने राजस्व के प्राप्ति हो व तीसरी मंजिल पर मदर्स मार्केट जिसमें महिला समुहों को स्व-रोजगार की सुविधाएं मिले।

शासकीय नवीन महाविद्यालय अण्डा चौक खुर्सीपार में निरीक्षण के दौरान प्राचार्या ने जानकारी दी कि 1000 से ज्यादा विद्यार्थी अध्ययनरत् है 9 गेस्ट टीचर सहित कुल 21 लोगों शैक्षणिक स्टाफ है अधोसंरचना की आवश्यकताएं हैं कम्प्यूटर व फर्नीचर की यथा संभव आपूर्ति हेतु प्रयास का आश्वासन कलेक्टर ने दिया। इसके बाद खुर्सीपार स्टेडियम पहुंचे जिसे शीघ्रातिशीघ्र उपयोग योग्य बनाने के कार्य प्रगति पर है इसे ठीक कर किसी खेल संघ को संचालन हेतु प्रदान करने की संभावना तलाशी जावेगी। अंत में कलेक्टर व आयुक्त महोदय ने एस्ट्रोटर्फ युक्त बास्केटबाल स्टेडियम सेक्टर- 02 के प्रगति का निरीक्षण कर संतोष व्यक्त किया।

खुर्सीपार स्टेडियम का अवलोकन करते हुए नवनिर्मित स्वीमिंग पूल का स्थल निरीक्षण करते हुए साथ ही नवनिर्मित बास्केटबाल मैदान पर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए प्रकाश व्यवस्था का भी अवलोकन किया जिसे आयुक्त श्री सुंदरानी को निर्देशित करते हुए बीएसपी के सहयोग से प्रकाश व्यवस्था करने का चर्चा की गई। इस कार्य की सराहना करते हुए जिलाधीश ने कहा कि इसी तरह से बास्केटबाल, स्वीमिंग पूल, में बच्चों को प्रशिक्षित करवाये ताकि लोगों में खेल के प्रति रुचि आये जिससे भिलाई का नाम गौरान्वित हो सके।

स्थल अवलोकन के दौरान कार्यपालन अभियंता सत्येन्द्र सिंह , जोन आयुक्त एस 0पी0 साहू, बी0के0 देवांगन, संजय बागड़े, बसंत साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धमेन्द्र मिश्रा एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।